*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विविश्वविद्यालय के 19 वें स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में**

# केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय ने किया छात्रावास का लोकार्पण

## छात्राओं के लिए नए छात्रावास बनाने का दिया भरोसा, केंद्रीय विद्यालय के स्थान का किया निरीक्षण

वर्धा, 30 दिसंबर 2016: केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पाण्डेय ने गुरुवार, 29 दिसंबर को विश्वविद्यालय के 19वें स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय में नवनिर्मित सुखदेव छात्रावास का लोकार्पण किया। अपने दिनभर के व्यस्ततम कार्यक्रम में उन्होंने स्थापन दिवस समारोह के उदघाटन समारोह के बाद नागार्जुन अतिथि गृह के प्रांगण में नागर्जुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।




इस दौरान उनके साथ कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में उत्तरी परिसर में बने छात्रावास के लोकार्पण समारोह में प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, कुलानुशासक डॉ. गोपाल



ठाकुर, प्रो. अरबिंद कुमार झा, अधीक्षक भरत कुमार पंडा, सहायक कुलसचिव डॉ. राजेश्वर सिह, राजेश अरोड़ा सहित



अधिकारी एवं विद्यार्थी प्रमुखता से उपस्थित थे। मंत्री महोदय ने सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास में नवनिर्मित अन्नपूर्णा मंडपम का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ  अभियान को काफी महत्व दिया है और इसके तहत हर कन्या को पढ़ाने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं। छात्रावास में छात्रावास की क्षमता से अधिक संख्या को देखते हुए डॉ. पाण्डेय ने छात्राओं की सुविधा के लिए एक और छात्रावास बनाने के लिए केंद्र स्तर पर प्रयास करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने छात्रावास परिसर में अमृत वृक्ष का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक डॉ. अवंतिका शुक्ला, छात्राएं तथा कर्मी प्रमुखता से उपस्थित थे।



मंत्री महोदय ने समता भवन के प्रांगण में लगे पुस्तक मेले का भ्रमण किया तथा मीडिया स्टुडियो एवं स्वामी सहजानंद सरस्वती संग्रहालय मे जाकर वहाँ की व्यवस्थाएं एवं पाण्डुलिपियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा, प्रो. अनिल कुमार राय, डॉ. श्रीरमन मिश्र भी उपस्थित थे। स्टुडियो की अत्याधुनिक तरीके की व्यवस्था और दुर्लभ पांडुलिपियों को देखकर वे काफी अभिभूत हुए। उन्होंने संग्रहालय की अतिथि पुस्तिका में अपना मंतव्य भी लिखा। स्थापना दिवस के उदघाटन के पूर्व उन्होंने 'चेतना का दीप हिंदी विश्वविद्यालय' नामक प्रदर्शनी का उदघाटन किया तथा उदघाटन के बाद उन्ह